ओड़िशा / मध्यप्रदेश

4 दण्डकारण्य समाचार

www.dandakaranyasamachar.com

जगदलपुर, मंगलवार 29 मार्च 2022

समाचार संक्षेप

किसान की मौत के 23 साल बाद आईडीए ने लिया था जमीन का कब्जा

इंदौर,28 मार्च (ए)। खजराना के सर्वे क्रमांक 898 का कब्जा इंदौर विकास प्राधिकरण ने सात जून 1991 को लिया था जबकि जमीन मालिक राजकन्या बाई सावित्रीबाई की मृत्यु 1968 में हो चुकी थी। इसी तरह 29 जनवरी 1990 को नारायण पिता भेरूलाल जोशी की मृत्यु हो चुकी थी जबकि उनसे उनकी जमीन का कब्जा छह मई 1992 को लिया गया था। इसका खुलासा बीते दिनों स्कीम-94 की जमीनों को लेकर हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के बाद किसानों ने किया। किसानों ने प्राधिकरण द्वारा कोर्ट में दिए गए हलफनामे से इस बात का पता चला। इसके बाद इसकी जानकारी किसानों द्वारा भारतीय किसान संघ को दी। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने सुपर कॉरिडोर की योजना क्रमांक 139 के अलावा स्कीम-135 और स्कीम-94 में शामिल पूर्वी और पश्चिमी रिंग रोड की जमीनों को लेकर फैसला दिया था। इस ऑर्डर को प्राधिकरण और किसान अपने-अपने पक्ष में मान रहे हैं। प्राधिकरण इसे अपने लिए बड़ा ऑर्डर मानता है।

कानून बनने के बाद मध्यप्रदेश में लव जिहाद के 67 मामले

इंदौर,28 मार्च (ए)। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर और खंडवा में लव जिहाद की सबसे अधिक घटनाएं सामने आ ही हैं। छोटे शहरों में आदिवासी महिलाएं सबसे अधिक लव जिहाद की शिकार हुई हैं, जिनमें नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। आठवीं-दसवीं तक पढ़ी हुई ये नाबालिग लड़कियां सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं। वहीं, भोपाल और इंदौर जैसे बड़े शहरों में पढ़ने वाली कॉलेज की छात्राएं और कामकाजी महिलाएं भी लव जेहाद का शिकार हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार धर्म की सवतंत्रता अधिनियम पारित होने के एक साल बाद मध्यप्रदेश में लव जिहाद के कुल 67 मामले सामने आई हैं। इनमें से 24 घटनाओं को इसी साल जनवरी में दर्ज किया गया था और पुलिस ने उनमें से 36 में आरोप पत्र दायर किया, जबकि 29 अभी भी जांच के दायरे में हैं। इन घटनाओं में पुलिस ने 109 लोगों को आरोपित किया है। राज्य में सबसे ज्यादा 13 मामले इंदौर में दर्ज किए गए हैं, जबकि खंडवा में 11 मामले हैं। वहीं, भोपाल तीसरे स्थान पर है, जहां नौ लड़कियों से ठगा गया।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए रसायनों का किया छिड़काव

भोपाल,28 मार्च (ए)। नगर निगम द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए घर-घर डेंगू लार्वा की जांच के साथ फागिंग व हस्तचलित मशीनों से कीटनाशक रसायनों का छिड़काव किया जा रहा है। शुक्रवार को श्यामला हिल्स, 74 बंगला चार इमली, कस्तूरबा नगर, सेठी नगर, मयूरी विहार, गोविन्द गार्डन एरिया, शहीद कालोनी, बिलाल कॉलोनी, इंडस पार्क, मोतीलाल नगर, वर्धमान सिटी, रेलवे स्टेशन, गुड-शेफर्ड कॉलोनी, बाग मुगालिया आदि क्षेत्रों में कीटनाशक रसायनों का छिड़काव किया गया।

कुपोषण से जुड़े मामले में आयोग ने मांगा जवाब

भोपाल,28 मार्च (ए)। बुरहानपुर जिले के धूलकोट के बसाली गांव की दस महीने की आसमा पिता महेन्द्र का वजन सिर्फ 4.06 किलोग्राम है। सामान्य तौर पर इस उम्र के बच्चों का वजन नौ किलो होता है। गंभीर कुपोषण की शिकार आसमा की मां की बीमारी के कारण डेढ़ माह पहले मौत हो चुकी है। आसमा का दस दिन से सरकारी असपताल में इलाज चल रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जैन ने कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला व बाल विकास अधिकारी, बुरहानपुर को तीन सप्ताह में प्रतिवेदन देने को कहा है।

आदिवासी किसानों को सरकारी मदद नहीं मिलने से परम्पराग़त खेती पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

भोपाल,28 मार्च (ए)। सरकार हमेशा कोदो-कुटकी को ब्रांडिंग की बात करती है, लेकिन इसमें दिखावा ही किया जा रहा है, क्योंकि किसानों को इसके लिए सरकारी मदद नहीं मिलती। तीन साल में उत्पादन 73 हजार से घटकर 62 हजार मीट्रिक टन रह गया है। मप्र ही नहीं बल्कि कोदो-कुटकी का उत्पादन महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में किया जाता है। कृषि विभाग इसकी ब्रांडिंग तो बहुत करता है, लेकिन आदिवासी किसानों को इसके लिए कोई मदद नहीं दी जाती, जबकि पर्यटन निगम नेशनल पार्कों के आसपास स्वसहायता समूहों के माध्यम से ब्रांडिंग का काम कर रहा है। जिससे विदेशी पर्यटकों को लुभया जा सके। अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हुए प्रयास ः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए 2019 में विश्व व्यापार मेले में मृगनयनी एम्बोलिका द्वारा एक स्टॉल भी लगी गई। अनूपपुर में एक दुकान भी खोली गई थी।

महिला को अगवा किया, 13 दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म

भोपाल,28 मार्च (ए)। छोला मंदिर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है। यह महिला का अगवा कर विदिशा ले गया था। वहां बंधक बनाकर दुष्कर्म किया और उसके सोने के जेवर भी हड़प लिए। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि भगवानसिंह नाम का युवक उसके पति का दोस्त था। इस वजह से घर आता-ताजा था। तीन दिसम्बर को वह घुमाने के बहाने से महिला को विदिशा ले गया। वहां एक कमरे में बंधक बनाकर भगवानसिंह ने 13 दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर वह मारपीट भी करता था। भगवानसिंह ने महिला के कान के सोने की झुमकी भी हड़प ली थी। महिला किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर भोपाल आ गई थी। इसके बाद भगवान सिंह, बदनाम करने की धमकी देकर फिर मनमानी करने की जिद करने लगा, तो महिला ने शिकायत दर्ज करा दी।

बदमाशों की कुंडली हो रही तैयार 160 बदमाशों से भरवाया डोजियर

भोपाल,28 मार्च (ए)। क्राइम ब्रांच बदमाशों की अपराध कुंडली तैयार करने में जुटी है। अभी तक 162 बदमाशों का डोजियर भरवाया जा चुका है। उनसे 70 से ज्यादा सवालों में पूछताछ कर फाइल तैयार की जा रही है। सवाल भी ऐसे कि वह बताने को मजबूर हो रहे हैं। जैसे कहां से शराब खरीदकर किसके साथ पीते हो। बदमाशों से उनको तकनीकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। फिलहाल उन बदमाशों को बुलाकर क्राइम ब्रांच सवाल जवाब कर रही है।

2023 के चुनाव के लिए महिलाओं के वोट प्रतिशत बढ़ाने पचमढ़ी में चल रही चिंतन-मंथन बैठक

भोपाल,28 मार्च (ए)। पचमढ़ी में चल रही चिंतन-मंथन बैठक में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर फोकस बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा होगी। इस बार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार लौटाने में महिलाओं की मुख्य भूमिका सामने आई है। उत्तराखंड में भाजपा के खाते में पांच फीसदी महिला वोटर्स का इजाफा दर्ज किया गया। इसलिए सत्ता-संगठन ने मप्र में भी मिशन 2023 के लिए अपनी रणनीति पर काम शुरु कर दिया है। मध्यप्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव 2018 के चुनाव में भाजपा सरकार बनाने के लिए जरूरी संख्या बल नहीं जुटा पाई थी हालांकि उसका वोट शेयर कांग्रेस की तुलना में कुछ ज्यादा था लेकिन सीटें 109 ही रह गई थीं जबकि कांग्रेस 114 सीटें ले गई थी। इसलिए भाजपा हाईकमान ने इस बार चार महीने पहले ही संगठन को दस फीसदी वोट शेयर बढ़ाने का टारगेट सौंप दिया था। इसके लिए भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम भी चलाए हैं लेकिन उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के नतीजों ने भाजपा को नई राह दिखा दी है। यही वजह है कि अब महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए सत्ता-संगठन ने नई रणनीति पर काम शुरु कर दिया है।

भाजपा संगठन का अनुमान है कि महिलाओं से जुड़ी लोकप्रिय योजनाओं की नए सिरे से ब्रांडिंग और अन्य जतन कर पांच-छह प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने की गुंजाइश है। यही वजह है कि सत्ता-संगठन ने मिशन 2023 के लिए दस फीसदी वोट शेयर बढ़ाने का टारगेट रखा है। मप्र में पिछले विधानसभा चुनाव 2013 में भाजपा को 44.87 प्रतिशत वोट मिले थे जो कि 2018 में गिरकर 41 फीसदी रह गया जबकि कांग्रेस को स बार 40.09 फीसदी वोट मिले थे लेकिन उसे भाजपा की तुलना में पाँच सीटें ज्यादा मिलीं जिससे उसे सरकार बनाने का मौका मिल गया। 2018 में भाजपा को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग में भी नुकसान का सामना करना पड़ा था। इसलिए संगठन ने इन वर्गों में भी भरपाई के लिए अभियान शुरु किया है। भाजपा को उम्मीद है कि पांच-सां फीसदी वोट शेयर केलवर महिला वर्ग से बढ़ सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने चर्चा के दौरान स्वीकार किया कि हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव के नतीजों में उत्तराखंड में भाजपा को महिलाओं का पांच फीसदी ज्यादा वोट मिले। उत्तरप्रदेश में भी महिलाओं का झुकाव भाजपा के प्रति ज्यादा था जिससे पिछली बार की तुलना में दो फीसदी ज्यादा (41.29 फीसदी) वोट मिले जबकि सीटें घट गई।

2023 तक प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंचाने का है लक्ष्य

भोपाल,28 मार्च (ए)। केंद्र सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना अमृत 2.0 के अंतर्गत प्रदेश को 11 हजार 500 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट जारी किया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने इस योजना से 2023 तक प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना को अमली जामा पहनाने की तैयारी शुरु कर दी है। इसके तहत अगले एक वर्ष में 50 लाख परिवार लाभांवित होंगे। योजना के तहत प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों और पांच कंटोनमेंट श्रेणी के शत-प्रतिशत घरों में नल जल का कनेक्शन देने की तैयारी है। साथ ही शहरों में हरियाली विकसित करने तथा पार्कों का सुंदरीकरण भी किया जाएगा।

मृगनयनी एम्पोरियम भोपाल में शुरू हुआ महेश्वर उत्सव

भोपाल 28 मार्च (ए)। मृगनयनी एम्पोरियम जीटीबी कॉम्प्लेक्स भोपाल में आज महेश्वर उत्सव शुरू हुआ। उत्सव में महेश्वरी साड़ियों के साथ ही अन्य उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। उत्सव मृगनयनी एम्पोरियम में 22 अप्रैल तक चलेगा।

महेश्वर उत्सव का प्रारंभ प्रसिद्ध गौंडी चित्रकार दुर्गाबाई व्याम ने किया। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव उपस्थित थीं। उत्सव के दौरान महेश्वरी साड़ी बुनकर प्रसिद्ध कलाकार संजय बिछवे भी उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी में कबीर बुनकर पुरस्कार प्राप्त कलाकार विकास बड़े के उत्पादों को भी शामिल किया गया है।

वीर सावरकर न होते तो देश को लताजी की आवाज सुनने को न मिलती : डॉ. हरीश भिमानी

भोपाल ,28 मार्च (ए)। चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल में 26 मार्च को आयोजित तीसरी मास्टर क्लास सुप्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय लता मंगेशकर को समर्पित रही। यादें ः लता मंगेशकर कार्यक्रम में लता जी के जीवन से जुड़ी बातें साझा करते हुए प्रसिद्ध आवाज कलाकार डॉ. हरीश भिमानी ने बताया कि वीर सावरकर के कारण ही भारत को लता जी की आवाज सुनने को मिली। सावरकर न होते तो लता जी गाना छोड़ चुकी होतीं। लता जी ने वीर सावरकर से कहा था कि मैं देश सेवा करना चाहती हूं भले ही इसके लिए मुझे गायन छोड़ना पड़े। तब वीर सावरकर ने उन्हें समझाया कि तुम जो काम कर रही हो वह भी देश सेवा का एक माध्यम है। लताजी के मन में वीर सावरकर के प्रति अगाध श्रद्धा थी और वे इसे खुलकर इसे प्रकट करतीं थीं।

महाभारत में मैं समय हूँ आवाज देने वाले डॉ. भिमानी ने कहा कि लताजी छत्रपति शिवाजी महाराज को देवतुल्य मानती थीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया उन्हें सरस्वती मानती है लेकिन वो खुद को मीरा मानती थीं। जिनको लताजी अपना पूरा है।

जीवन समर्पित कर सकती थीं, वे श्री कृष्ण थे। लताजी सिर्फ कृष्णप्रिय ही नहीं कृष्ण उपासक भी थीं। उनकी प्रिय पुस्तक थी, श्रीमद भगवतगीता।

लताजी के साथ अपनी पहली मुलाकात के बारे में डॉ. भिमानी ने कहा कि जब मैं पहली बार लताजी से मिला तो मुझे नहीं पता था कि वह मेरी पहली परीक्षा थी। मैं उस परीक्षा में पास हुआ और मुझे निरंतर काम मिलता रहा। यह मेरा सौभाग्य रहा है कि मुझे लताजी ने स्वयं बुलाया था। उन्होंने बताया कि लताजी हमेशा कहा करती थीं कि उन्हें दूसरा जन्म ना मिले और यदि मिले तो लता मंगेशकर जैसा न मिले। क्योंकि वे साधारण जीवन जीना चाहती थीं। डॉ. भिमानी ने इसके पीछे का कारण बताते हुए कहा कि हमें सफल लोगों का चमकता जीवन तो दिखता है लेकिन उनकी परेशानियां नहीं दिखतीं।

डॉ. भिमानी ने कहा कि लताजी लोगों से बहुत कम बात करती थीं लेकिन वे सच्ची बात करती थीं। वे सबसे ज्यादा खुद से बात करती थीं उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें लताजी से दो बार डांट पड़ी थी।

जूनियर रेड क्रॉस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन - 21 यूनिट रक्त संग्रह

जूनियर रेड क्रॉस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रू 21 यूनिट रक्त संग्रह

सुनाबेड़ा 28 मार्च (सन्त्रस) कोरापुट राजकीय उच्च विद्यालय में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस परामर्शदाता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया स इस अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।शिविर का उद्घाटन जिला जूनियर रेड क्रॉस अधिकारी यज्ञेश्वर पांडा ने किया स जिला जूनियर रेड क्रॉस संसाधन कार्यकर्ता ज्योति रंजन नंदाए शाहिदा परवीन हरेकृष्ण महाराणा और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य शेख इब्राहिम ने शिविर का संचालन किया ! इस शिविर में मंजुला कुमारी पाणिग्रही रंजीता साहू पार्थ सारथी राउत बिजय कुमार सुतार जयंत कुमार बारिक वशिष्ठ नायक मनोज शवर सुबल कुणधल कंचन हंतल संध्यारानी कांधपान राजेंद्र सेठी सौम्य रंजन रथ रश्मिता बेहरा पंचानन दास सिसिर कुमार पात्र शशि बाला महंत शंकर कुमार नायक पिंटू कुमार दास आशु अभिलाषा दास

भीम बेहरा और हरेकृष्ण महाराणा ने रक्तदान किया। कोरापुट शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ब्लड बैंक के अधिकारी डॉण् फकीर चरण मुंडा की देखरेख में वी गंगाधर लक्ष्मीकांत गैनी और संजय सिंह ने 21 शिक्षकों से रक्त संग्रह किया।

कम दामों पर वाहनों की नीलामी के मामले की जांच का आग्रह

भोपाल,28 मार्च (ए)। राजधानी के विभिन्न थानों में जब्ती के वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नीलामी के तौर तरीके को लेकर दो शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंची भी है। इनमें बताया गया है कि निशातपुरा थाने में 152 दोपहिया वाहन 14 लाख रुपये में नीलाम हुए। इस तरह एक वाहन की कीमत 9200 रुपये में बिकी। उधर, गोविंदपुरा थाने में 105 वाहनों की नीलामी महज 180000 रुपये में कर दी है। इस तरह एक वाहन की कीमत सिर्फ 1700 रुपये के आसपास मिली। असनाफ खान का न्यू कबाडखाना में कबाड़ का कारोबार है। असनाफ का आरोप है कि पुलिस थानों में चल रही नीलामी में व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाया जा रहा है। आठ मार्च को यह नीलामी में शामिल होने के लिए गोविंदपुरा थाने पहुंचे थे। अमूमन नीलामी दोपहर के समय रखी जाती है, लिकन जब वे थाने पहुंचे तो पता चला कि नीलामी हो चुकी है। वहां 105 वाहन (इनमें एक चार पहिया वाहन भी था) मात्र 180000 रुपये में नीलाम कर दिए गए। इसके पहले निशातपुरा में कबाड़ के 152 वाहन 14 लाख रुपये में नीलाम हुए थे। इस नीलामी में शामिल होने वाले कबाड़ व्यापारी फैज ने भी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को शिकायत की है। शिकायत में गोविंदपुरा में औने-पौने दाम पर की गई जब्ती के वाहनों की नीलामी के मामले की जांच कराने का आग्रह किया है। साथ ही आरोप लगाया है ।

प्रदेश भाजपा सरकार 2 साल खुशहाली, प्रगति का राग अलाप रही है,13 साल में सरकार ने क्या तीन तेरा किया वह क्यों नहीं बताती-पटेल

भोपाल 28 मार्च (ए)। प्रदेश की भाजपा सरकार दो साल खुशहाली, प्रगति और उन्नति का राग अलाप रही है, लेकिन 13 साल में सरकार ने क्या तीन तेरा किया वह क्यों नहीं बताती। इसलिए तो बीते विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को नौ-दो ग्यारह कर दिया था। भाजपा नये-नये स्लोगन लाकर प्रदेश की जनता के भ्रमित कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश्वर पटेल ने अपने वक्तव्य में यह बात कहीं।

कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आजकल तो खुलडोजर मामा भी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि कितने वर्षों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है आप माफियाओं पर कार्रवाई क्यों नहीं करते। आप की सरकार माफिया के रूप में काम कर रही है, खनन माफिया, भू-माफिया, शिक्षा माफिया, शराब माफिया, तरह-तरह के माफिया काम कर रहे हैं। इन पर आप कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं। प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है मध्य प्रदेश के जो शिक्षित बेरोजगार हैं, वे दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं।

पटेल ने कहा कि पिछले 1 सप्ताह से चयनित शिक्षक भाई-बहन सड़क पर हड़ताल कर रहे हैं, यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि भाजपा सरकार शोक स्वरूप इन्हें मुंडन कराने पर मजबूर कर रही है। चयनित शिक्षकों को नौकरी ना देना, सरकार की ओबीसी विरोधी नीति अपनाकर युवाओं के साथ छलावा कर रही है। वहीं उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती में व्याख्याता पद हेतु जीव विज्ञान विषय के तहत आने वाले सह विषयों को शामिल नहीं करने पर उच्च शिक्षित युवा शक्ति सड़कों पर अनशन कर धरना देने के लिए बाध्य हो रही है।

कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आज पचमढ़ी में मंत्रियों के साथ वन विहार कर रहे हैं, मुख्यमंत्री जी फोटो सेशन करके क्या इवेंट करते रहेंगे या प्रदेश के 7.50 करोड़ जनता के हित के लिए कोई कार्य करेंगे। प्रदेश को एक नया दौर देखने को मिल रहा है, निराश्रितों की पेंशन को भी इवेंट बनाया जा रहा है, प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन को भी इवेंट करके एक क्लिक पर डालेंगे, मनरेगा के मजदूरों के भुगतान को भी इसी प्रकार का इवेंट बनाएंगे। उन्होंने कहा कि एक पुस्तक में लिखा है कि शासक जनता का ध्यान जनहित के मुद्दों से हटाने के लिए तमाशा करते रहें इसी प्रकार का तमाशा देश एवं प्रदेश में भाजपा द्वारा किया जा रहा है।

पटेल ने कहा कि आप जो कैबिनेट में चिंतन कर रहे हैं, इसमें ऐसा नहीं है कि सरकारी गाड़ियां नहीं गई है, सभी मंत्रियों की गाड़ियां गई है, पूरा स्टाफ गया है। पचमढ़ी का एक-एक होटल बुक किया गया है। कैबिनेट में कितना खर्चा होगा। पटेल ने कहा कि कांग्रेस की 15 महीने की सरकार में हमने कोई आडंबर नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में शिक्षा का लोक व्यापी करण करते हुए प्रत्येक एक किलोमीटर में प्राथमिक स्कूल एवं पांच किलोमीटर में हाईस्कूल बनाए थे। भाजपा सरकार शिक्षा के संवैधानिक अधिकार से स्थानीय छात्रों को वंचित करने का कार्य कर रही है।

देश विरोधी तंत्र को परास्त करने के लिए भाजपा का मजबूत होना जरूरी : शिवप्रकाश

ग्वालियर ,28 मार्च (ए)। लगभग 50 वर्षों तक देश की राजनीति के केन्द्र बिन्दु में कांग्रेस पार्टी थी। वर्तमान की बात की जाए तो आज देश की राजनीति का केन्द्र बिन्दु भारतीय जनता पार्टी है। किन्तु आज भारतीय जनता पार्टी को कमजोर करने के लिए कुछ संगठन, कुछ राजनैतिक दल, कुछ मानवाधिकार संगठन, मोमबत्ती गैंग और देश तेरे टुकड़े होंगे इंशाअल्लाह- इंशाअल्लाह जैसे लोग सक्रिय हो गए हैं। इस तंत्र को परास्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी यही है कि हम केन्द्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करें। क्योंकि हम भारत के भाग्य को बदलने को लेकर चल रहे हैं, और कुछ नहीं चाहते।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। ग्वालियर प्रवास पर आए शिवप्रकाश पार्टी की परिचयात्मक बैठक में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिवप्रकाश ने देश के कुछ घटनाओं पर प्रकाश डालते बताया कि किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने देशविरोधी ताकतों के बारे में बताते हुए कहा कि इन्होंने दो प्रयोग अभी हाल ही में किए। पहला प्रयोग पश्चिम बंगाल में किया, जिसमें वे सफल हुए और दूसरा प्रयोग किसान आंदोलन के नाम पर पांच राज्यों में भाजपा को कमजोर करने के लिए किया, जिसमें वे सफल नहीं हो पाए। कभी कोई समाज के एक वर्ग को लेकर हमारे खिलाफ वातावरण तैयार करती है तो वहीं दूसरी और कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से तथ्यों को तोड़ मरोड़कर भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का काम करते हैं। शिवप्रकाश ने उदाहरण देते हुए कहा कि कश्मीर फाइल्स फिल्म में जब दिखाया जाता है कि कुछ लोगों ने एक महिला को दो हिस्सों में काट दिया तो वह घटना मुद्दा नहीं बनती, लेकिन जब भारतीय सेना कश्मीर के किसी युवक को वाहन के आगे बांधती है तो अंतर्राष्ट्रीय मामला बन जाता है।

कई राज्य आज भी लागू नहीं कर रहे नई शिक्षा नीति

शिवप्रकाश ने कहा कि आज जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, वहां विकास के साथ-साथ संस्कार भी दिखाई देते हैं। जहां हमारी सरकारें नहीं हैं, वहां कानून बनने के बाद भी कई राज्य उन्हें लागू करने में भी अड़चनें पैदा करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा के केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई लेकिन भाजपा शासित राज्यों को छोड़कर अन्य राज्य नई शिक्षा नीति को लागू नहीं कर रहे हैं। जब नई शिक्षा नीति आई तो किसी भी राज्य सरकार ने इसका विरोध नहीं किया लेकिन इसे लागू करने की बात आई तो कई राज्य इसे लागू नहीं कर रहे हैं।

केन्द्र सरकार की 288 से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल रहा है जनता को

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने कहा कि आज देश का परिदृश्य बदल रहा है। योजनाओं का सीधा लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में हुए चुनाव के दौरान ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिसमें महिलाएं सीधे तौर पर यह कहते हुए दिखीं कि हमारा वोट मोदी और योगी जी को जाएगा। क्योंकि उनकी कई योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। आज केन्द्र सरकार की 288 से ज्यादा योजनाएं संचालित हैं।

कम दाम देने से नाराज हैं किसान, सीईओ ने किया एक अप्रैल से खरीदी दाम बढ़ाने का भरोसा

भोपाल,28 मार्च (ए)। सांची दूध का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को फिलहाल ताजा दूध मिलता रहेगा लेकिन आने वाले समय में कभी भी संकट गहरा सकता है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ से जुड़े सैकड़ों किसानों ने शुक्रवार समितियों में दूध नहीं पहुंचाया है। इन्होंने गुरुवार को हड़ताल स्थगित की थी और पूर्व की तरह दूध बेचने का भरोसा दिया था लेकिन इनमें से कई किसान नहीं माने हैं और दाम बढ़ाने तक दूध नहीं बेचने पर अड़े हुए हैं। ये 660 रुपये प्रति किलो फैट की दर पर दूध खरीदी से नाराज हैं और प्रति लीटर आठ से दस रुपये नुकसान होने का दावा कर रहे हैं।

न्यायालय नजूल अधिकारी जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि आवेदक ललिता पिता/पति धनीराम देवांगन निवासी पखना गुड़पारा जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला पखनागुड़पारा शीट क. 112 भूखण्ड क्र 46/2 क्षेत्रफल 908 वर्गफीट स्थाई पट्टे की भूमि को खीनीकरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 31/3/2022 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/3/2022 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी, जगदलपुर